दिनांक 20-04-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । सेबी एवं बी० एस० ई० के संयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसका विषय था - “निवेशकों को जागरूक करना” । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया । प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया । मुख्य वक्ता के रूप में हरविंदर सिंह सोधी (मैनेजर, बी० एस० ई० इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फण्ड, नई दिल्ली) से उपस्थित थे । उन्होंने विद्यार्थियों को कैपिटल मार्किट में बी० एस० ई० के योगदान के बारे में समझाया और साथ ही यह भी बताया कि कैसे सावधानी पूर्वक निवेश करें । साथ-साथ इसके अंतर्गत उन्होंने निवेश की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक योजनाएं दीं । विद्यार्थियों ने भी इस कार्यशाला को बड़े उत्साह एवं रूचि के साथ सुना । कार्यशाला में प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे ।